मेरे शिव भोले भंडारी की महिमा है बड़ी न्यारी

मेरे शिव भोले भंडारी की महिमा है बड़ी न्यारी,
जो माँगा वो मिला सबको ये दुनिया कह रही सारी,
मेरे शिव भोले भंडारी की महिमा है बड़ी न्यारी,

जरूरत कभी होगी तुझे दर दर भटकने की,
नाम ले इनका इक बारी है भोले तान त्रिपुरारी,
मेरे शिव भोले भंडारी की महिमा है बड़ी न्यारी,

ये कहलाते जटा धारी शीश पे गंगा है प्यारी,
सदा करते मेरे बाबा है शम्भू नंदी की सवारी,
मेरे शिव भोले भंडारी की महिमा है बड़ी न्यारी,

ये जग रूठे तू रूठ जाये मगर भोला न रूठ जाये,
काल के भी काल ये है भूतेश्वर बाबा काममारी ,
मेरे शिव भोले भंडारी की महिमा है बड़ी न्यारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11635/title/mere-shiv-bhole-bhandari-ki-mahima-hai-badi-nyaari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |